पंजाब केसरी 07/12/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में लगा आई स्क्रीनिंग शिविर

अम्बाला, 6 दिसम्बर (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में रैड रिबन क्लब, यूथ रैडक्रॉस, जी.एम.एन. कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं एल.जी.आई. इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय नि:शुल्क आई स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में आंखों की नियमित जांच के महत्व के बारे में बताया गया और टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ का आई चैकअप किया गया।

जी.एम.एन. कॉलेज और एल.जी.आई. इंस्टीट्यूट के बीच एम.ओ.यू. करते दोनों संस्थानों के प्रतिनिधि। (देवदत्त)

शिविर के दौरान जी.एम.एन. कॉलेज और एल.जी.आई. इंस्टीट्यूट के बीच एम.ओ.यू. भी साइन किया गया।